ग्रामीण महिला विकास संस्थान बूबानी – अजमेर

2000 – 2001 तक कार्य रिपोर्ट

संस्था द्वारा वर्ष 2000–2001 में निम्न कार्य किये गये :–

1. बाल श्रमिक विद्यालय में आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था, अजमेर के सहयोग से गांव बूबानी में 70 बच्चों को खाने के लिए पोषाहार दिया जा रहा है ।

2. वर्तमान में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के सौजन्य से एक बाल श्रमिक विद्यालय गांव बूबानी में चल रहा है ।

3. संस्था द्वारा वर्ष 2000 – 2001 में 7 स्वयं सहायता समूह का गठन कराया व उन्हें बैंक से जोडा गया ।

4. संस्था द्वारा सी.आर.एस. मुम्बई समाज सेवी संस्था के सहयोग से 7 गांवों में घास का बीज बोया गया जिनसे अकाल में पशुओं को राहत मिली ।

5. संस्थान द्वारा आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था के सहयोग से गांव जाटली, बूबानी व दाता में नाड़ी निमार्ण एवं खुदाई व खेतों में मेड़ बंदी कार्य कराया गया । जिससे 25000 हाजरी का कार्य करवाया गया । जिससे लोगों को आकाल में राहत मिली ।

6. संस्थान द्वारा गांव जाटली, दाता, आखारी, ऊंदड़ा, गेगल, चांदीयावारा, बूबानी, खोड़ा गणेश व नौलखा में करीब 75 किलोमीटर में मेड बेदी का कार्य आर.सी.डी. संस्था के सहयोग से किया गया।

7. स्तन पान सप्ताह के अन्तर्गत 1 अगस्त से 7 अगस्त तक गांव जाटली आखरी, दाता, बूबानी, खोड़ा गणेश, नौलखा व मुहामी में स्वास्थ्य शिविर लगाये गये (संस्थान द्वारा)

8. संस्थान द्वारा व आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था के सहयोग से गांव खोड़ा गणेश, बूबानी व दाता में क्रमशः एक–एक व दो–दो कुंए गहरे करवाये गये ।

9. संस्थान द्वारा आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था के माध्यम से बूबानी व नोलखा में पूर्व बाल शिक्षण हेतु 5 Early Child Dovelopment Centre संचाचित है । जिसमें बच्चों को पोषाहार दिया जाता है । उपरोक्त सेन्टर में लगभग 100 बच्चों को शिक्षा से जोडने का प्रयास किया जा रहा है ।

10. सेवा मंदिर उदयपुर के सहयोग से ग्रामीण महिला संस्थान द्वारा बूबानी, जाटली, खोड़ा गणेश, में राष्ट्रीय प्रर्यावरण जागरूकता अभियान के अन्तर्गत उपरोक्त गांवों में संस्थान की संचालित संचार टीम के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, एवं पपेट शो के माध्यम से गांवों में प्रर्यावरण को शुद्ध व हरा भरा रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया ।

(शंकर सिंह रावत)
सचिव

सचिव
ग्रामीण महिला विकास संस्थान
बूबानी, किशनगढ़
जिला–अजमेर (राज.)